(G) Whether the charagah is a part of amenities, ecology, vegetation or the land bank is not clarified judiciously - यह कमी 2011 के प्लान में थी व 2025 में भी रख छोड़ी है। चारागाहों की स्थिति स्पष्ट करें।

(H) Whether the utility of farm Houses and concept into the Plan is in the Interest of Community/Jaipur City, particularly destroying agriculture fabric and mis-using ground water in the name of eco friendly house - इस प्रकरण का उत्तर प्लान 2011 में नहीं दिया व 2025 में भी नहीं दिया गया है। विधि व कानून के शासन के नाम पर अचल सम्पत्ति हथियाना है। प्लान में फार्महाउस विचार हटाया जाये।

(I) When there are hundreds of Industrial Plots are lying vacant in industrial area of Jaipur region and District then what is the necessity to destroy fertile land and ecological zone, providing sufficient ground water to city. - इस प्रश्न का उत्तर 2011 के प्लान में नहीं दिया गया है व 2025 में भी नहीं दिया है। इंडस्ट्री के साथ संस्थानिक क्षेत्र नहीं रखें एवं ईको जोन में कोई संस्था नहीं रखें क्षेत्र खाली रहे।

(J) जब भी शहरों का मास्टर प्लान बनता है, भू आकृति संरचना (टोपोग्राफी) भृगर्भीय संरचना Geology, hydrology, vegetation, natural characteristics का अध्ययन किया जाता है व भूमि का वर्गीकरण किया जाता है। 2011 के प्लान में भी ऐसा ही किया गया व 2025 में भी किया गया है, परन्तु प्लान को लागू करने वाली एजेन्सी प्रश्नगत मानक का उल्लंघन ऊपरी निर्देशों व कहीं-कहीं स्वयं की पहल पर करती है, करती रही है व आगे भी करेगी। इस कमी को 2025 के प्लान में दूर नहीं किया गया है। भूमि वर्गीकरण का सम्मान आदर सुनिश्चित हो। (देखें पृष्ठ 58, वोल्यूम द्वितीय, पैरा 10 - Planning, Policies and Principles)

कमी जिनको छोड़ दिया गया है

(i) नदी, नाला, तालाब, बावड़ी, कुंआ, कैचमेन्ट एरिया का निर्धारण - सीमांकन एवं नदी-नाला का लो लाईन एरिया (H.F.L.) सीमा व वे विषय जिका उल्लेख कास्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 16 में उल्लेख है, नदी-नालों में खातेदारी नहीं दी जायेगी, यह सुनिश्चित नहीं किया गया है कि सुरक्षा के उपाय क्या होंगे? अतिक्रमणों से बचाव कौन-कैसे करेगा? सीमांकन कौन करेगा? अस्पष्ट छोड़ दिया गया है। प्लान में स्पष्ट उल्लेख हो, नागरिकों के प्रस्ताव पर सम्पूर्ण अमल हो।

देखें प्रस्तावित प्लान 2025 खण्ड द्वितीय, पृष्ठ 23 6.5 (2) व पेज 33 Water Requirement/ Water bodies.

(ii) प्राधिकरण भवन विनिमय 2000 व नगर पालिका भवन विनियम 1970 में उस प्रावधान को सम्मिलित करने की अनुशंसा नहीं की गई है कि किसी भी नदी, नाले, बावड़ी, कुआ, जोहड़ की सीमा से 6 मीटर दूरी तक नो कंस्ट्रक्शन जोन होगा, चार गली छोड़ दी गई है, 2011 के प्लान की दुर्दशा जिस प्रकार हुई - 2025 की भी होगी। पानी का संकट भू-माफियाओं के निर्देश पर उनके हितों के संरक्षण के लिए कर दिया गया है। प्लान में 6 मीटर दूरी छोड़ी जाये।

(iii) हमारा प्रदेश सैमी एरिड जोन में आता है, अत: चम्बल नदी को छोड़कर कोई भी बारहमासी नदी प्रदेश में नहीं है, इस तथ्य को जानकर कि हमें भूजल का अधिकतम संरक्षण करना है, वर्षाजल पुनर्भरण करना है, वे नदियां जैसे ढूढ बांडी, द्रव्यवती (अमानीशाह नाला), बाण गंगा, कूकस बांध क्षेत्र, रामगढ़ बांध क्षेत्र, ईशरदा बांध क्षेत्र आदि की सहायक नदी-नालों-कैचमेन्ट एरिया का सीमांकन जो 2011 के प्लान में ईको जोन है व 2025 में भी है, के सीमांकन-खसरा नक्शों में चिन्हीकरण- नो कंसट्रक्शन जोन के प्रावधानों को सुनिश्चित करने का उल्लेख 2025 के प्लान में नहीं किया गया है। इस चूक की बड़ी कीमत चुकानी होगी। सीमांकन व नो कंसट्रक्शन जोन कौन करेगा - स्पष्ट अंकन हो।

(iv) पैरा 10, Vol. (II), Page 52, Serial 28 में इशारा किया गया है कि - To review Rules and Regulations within Jaipur Region that are contradictory to planned development and promote efficient arrangements of Jaipur Region. -हमारा स्पष्ट कथन है नगरीय विकास विभाग इस टिप्पणी - अनुशंसा को कभी भी लागू नहीं करेगा क्योंकि चुनाव कोष के लिए अगर राशि एकत्रित करनी है तो चोर गली को छोड़ना आवश्यक है, जहां से चोरी की जा सके। प्लान में स्पष्ट अंकन हो - कौन क्या बदलाव करेगा?

(v) 2011 के प्लान में जमुवारामगढ़, अचरोल, गोनेर, कूकस (सभी का बड़ा हिस्सा) ईको जोन था परन्तु प्राधिकरण के 56 हजार लैण्ड बैंक दस्तावेज में इन क्षेत्रों में संस्थानिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग प्रस्तावित किया गया है, जो शहर के पर्यावरण को नष्ट करने का प्रकल्प है। चूंकि 2025 के प्लान के अनुसार जोनल प्लान अभी नहीं बने हैं, व वार्ड/सेक्टर प्लान भी नहीं बने हैं, इसलिये पूर्व निर्धारित ईको जोन में क्या भू-उपयोग दिखाया गया है, स्पष्ट नहीं है। लैण्ड बैंक अवधारणा-ईको जोन में प्रस्तावित संस्थानिक-शैक्षणिक क्षेत्र सम्पूर्ण रूप में हटाया जाये। (देखें पेज 58 - क्रमांक 28)

(L) कि जयपुर दिल्ली नेशनल हाईवे नम्बर - 8 अचरोल, मनोहरपुर के मध्य में इंस्टीट्यूशनल एरिया विकसित करने का प्रस्ताव ईको जोन नष्ट करने का प्रस्ताव है, इस क्षेत्र में भू जल 50 मीटर पर स्थित है जबकि बगरू इण्डस्ट्रियल एरिया में भू-जल 250 से 300 मीटर नीचे है, सभी संस्थायें भू-आवंटन अचरोल, कूकस, जमुवारामगढ़ में करवाना चाहती है। कहा जा रहा है औद्योगिक विकास करना है, उद्योग-संस्थायें आयेंगी तभी रोजगार बढ़ेगा। जबकि जयपुर शहर की भविष्य की पानी की आवश्यकता इसी क्षेत्र से पूरी होनी है। इस कारण क्षेत्र की टोपोग्राफी-हाइड्रोलोजी, भू-जल पुनर्भरण व भू-जल संरक्षण के लिए उपयुक्त है, पहाड़ी क्षेत्र है, वन क्षेत्र विकसित किया जा सकता है। उपेक्षा की बड़ी कीमत चुकाने के लिए हमें तैयार रहना होगा। अत: प्रश्नगत क्षेत्र को सम्पूर्णता में ईको जोन में रखा जाये - पानी जरूरी है, इंडस्ट्री - संस्थायें जरूरी नहीं हैं।

(देखें पेज 20, पैरा 6 (2) Vol. II प्रस्तावित प्लान 2025 व पेज 33 पर जी.एस.आई. की अनुशंसा (वॉटर बॉडी))

(क्रमश:)

आरक्षण की राजनीति

संविधान में पहला संशोधन आरक्षण के लिए हुए और अभी भी इस मसले पर बहुत कुछ है अनसुलझा

आरक्षण को लेकर बहस संविधान बनते ही शुरू हो गई थी। क्या आपको मालूम है कि पहला संविधान संशोधन किस विषय से संबंधित था? आरक्षण से। तब से आज तक देश इस बहस में उलझा है कि आरक्षण समानता लाने का नुस्खा है या असमानता की वजह? अदालतें और सरकारें अपनी-अपनी तरह से इसे परिभाषित करती चली आ रही हैं। शुरूआत अनुसूचितों को आरक्षण से हुई थी, मगर बहस पिछड़े वर्ग से होती हुई धार्मिक आधार पर आरक्षण तक पहुंच गई है। आज आरक्षण नौकरी से निकलकर शिक्षा तक में समा गया है। कई संविधान संशोधन इसके नाम हैं, न्यायालय भी दसियों बार व्याख्या कर चुका है। इसके बावजूद बुनियादी उलझनें जस की तस हैं।

बहस आरक्षण देने या न देने, किसे देने और किसे न देने, कितना देने और कब तक देने से लेकर किन क्षेत्रों में देने तक, हर तरह की है। भरपूर राजनीति है और सबके अपने अर्थ हैं। 1950 में जब अनुसूचित जाति के लोगों को सरकार में नुमाइंदगी दी गई तो मद्रास हाई कोर्ट ने आरक्षण देने वाले प्रावधान को गलत ठहराया। फैसले के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। वहां याचिका खारिज हो गई। तब सरकार ने 1951 में पहला संविधान संशोधन कर आरक्षण को मजबूत कर दिया। यह पहला मौका था जब आरक्षण अदालत से हार कर फिर सरकार के पास कानून की मजबूती लेने पहुंचा था। यह सब संविधान लागू होने के सिर्फ 15 महीने के अन्दर हो गया। अब अनुसूचित जाति-जनजाति का आरक्षण पूरी तरह संवैधानिक था। लेकिन सीमा का विवाद कायम था। 1963 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा नहीं हो सकता। लगभग पूरे देश ने कोर्ट का आदेश स्वीकार कर लिया, लेकिन तमिलनाडु में 69 फीसदी आरक्षण लागू है। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राजस्थान में भी हाल में ही गुर्जरों को 14 फीसदी अतिरिक्त आरक्षण दे कर सीमा 68 फीसदी पहुंचा दी गई है। आरक्षण की बसह सीमा के दायरे से निकल कर दायरा बढ़ाने तक यानी अन्य वर्गों को शामिल करने तक पहुंची। मंडल का दौर अविस्मरणीय है। देश जाति के आधार पर भिड़ गया।

सुप्रीम कोर्ट की संविधानपीठ ने दलित अथवा पिछड़ों को अलग से 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने को सही ठहराया, लेकिन कहा कि क्रीमी लेयर को लाभ की श्रेणी से बाहर रखा जाए। अब सरकारी नौकरियों में आरक्षण पर कोर्ट की मुहर लग चुकी थी, लेकिन प्रोन्नति में आरक्षण नहीं मिलेगा। सरकार ने संविधान में 77वां संशोधन कर उसे रोस्टर प्रणाली में शामिल कर दूसरा रूप दे दिया। प्रोन्नति में आरक्षण पर कोर्ट ने कहा कि यह छूट नहीं दी जा सकती। सरकार ने संविधान में 82वां संशोधन कर इसे भी लागू कर दिया। संविधान का 93वां संशोधन शिक्षा में आरक्षण की थ्योरी लेकर आया। इस बार भी कोर्ट ने आरक्षण को सही ठहराया, लेकिन क्रीमी लेयर की बहस जारी रही। अदालत जब क्रीमी लेयर को बाहर रखने के हक में थी तो क्रीमी लेयर का दायरा ही ढाई लाख से बढ़ा कर चार लाख रुपये सालाना आय कर दिया गया। विवाद निपटा नहीं है। इस फैसले के बाकी बचे विवादित मुद्दे अभी भी कोर्ट में लंबित है। अब धर्म आधारित आरक्षण की बात भी उठ गई है। सच्चर कमेटी ने सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े मुस्लिमों के आरक्षण की सिफारिश की तो रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग ने भी इसी आधार पर पिछड़े मुस्लिमों और ईसाईयों आदि को आरक्षण की वकालत कर विवाद को नया रूप दे दिया है। देश छह दशक बाद भी बराबरी की बहस में उलझा है और संविधान रहस्यमय ढंग से मौन है।

गहरी होती गई आरक्षण की जड़

- 1950 : संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश लागू हुआ जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग को आरक्षण दिया गया।
- 1951 : सुप्रीम कोर्ट ने उपरोक्त आदेश के पैरा तीन को असंवैधानिक ठहराया।
- 1951 : सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद संविधान में पहला संशोधन कर अनुच्छेद 15 में उप खंड (4) जोड़ा गया।
- 1963 : सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण में पचास फीसदी की सीमा तय की।
- 1990 : ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश करने वाली मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू।
- 1992 : इंद्रा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला। ओबीसी आरक्षण सही ठहराया।
- 1995 : संविधान का 77वां संशोधन, प्रोन्नति में आरक्षण लागू।
- 85वां संविधान संशोधन प्रोन्नति के साथ कांसीक्वेंशियल सीनियरिटी लागू।
- 2005 : सुप्रीम कोर्ट का फैसला, अल्पसंख्यक वर्ग की शिक्षण संस्थाओं में राज्य आरक्षण के प्रावधान नहीं लागू कर सकता।
- 2005 : संविधान का 93वां संशोधन, शिक्षा में आरक्षण लागू करने का प्रावधान।
- 2006 : केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण लागू।
- 2008 : सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण को सही ठहराया, लेकिन क्रीमी लेयर को बाहर रखने का आदेश दिया।

> ''आरक्षण कोई गुत्थी नहीं है। पिछले साठ साल से यह सिर्फ राजनीतिक खेल रहा है। कोई भी आरक्षण का विरोध नहीं करता, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए उसे इस तरह तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है कि विरोध प्रतीत होता है। राजनीतिक कारणों से ऐसा माहौल बनाया जाता है।''
>
> **-जस्टिस नागेन्द्र राय, पटना हाईकोर्ट के पूर्व जज**

नेताजी की मौत का रहस्य देश आज तक नहीं जान पाया

नई दिल्ली। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कथित विमान हादसे में मारे गए, उनके साथ रूस में कोई हादसा हुआ या वे आजाद भारत में किसी साधु संन्यासी के वेश में छिपकर रहे। ये कुछ ऐसे सवाल हैं जो आज भी रहस्यमय हैं। नेताजी की कथित मौत की जांच के लिए तीन-तीन आयोग बने। लेकिन देश के सामने कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ।

मुखर्जी आयोग ने 2006 में संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में इस बात को खारिज कर दिया था कि नेताजी की मौत ताइवान विमान हादसे में हुई थी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि जापान के रेंकोजी मंदिर में रखी अस्थियां नेताजी की नहीं हैं। इस बारे में आगे जांच होनी चाहिए। लेकिन सरकार ने न्यायमूर्ति मुखर्जी की इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया।

23 जनवरी 1897 को कटक में जन्मे इस महान क्रान्तिकारी के लापता होने के बारे में सच सामने न आने से आज भी उनके बारे में रहस्य बरकरार है। नेताजी के जीवन पर 'मृत्यु से वापसी नेताजी का रहस्य' नाम की पुस्तक लिखने वाले और सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय से नेताजी से संबंधित फाइल की मांग करने वाले अनुज धर का कहना है कि इस विषय पर काफी शोध करने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 18 अगस्त 1945 को नेताजी की मौत नहीं हुई थी।

धर के मुताबिक उन्होंने खुद इस बारे में ताइवान के रिकार्ड खंगाले जिनसे पता चला कि 18 अगस्त 1945 को वहां कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं था। भारत सरकार जानती है। लेकिन सच छिपाए बैठी है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने आरटीआई के तहत सरकार से नेताजी से संबंधित फाइल के बारे में जानकारी मांगी तो पहले तो जवाब दिए जाने से इनकार किया जाता रहा। जब वे बार-बार अपील करते रहे तो जवाब मिला कि वह फाइल नष्ट हो गई है।

नेताजी के बारे में सच सामने लाने के लिए धन ने 'मिशन नेताजी' नाम से संगठन खड़ा किया। धर की शोध के मुताबिक नेताजी आजादी के काफी दिन बाद तक भारत में ही वेश बदलकर रहे। फैजाबाद के गुमनामी बाबा उर्फ भगवान जी से नेताजी की कहानी काफी मिलती-जुलती है।

धर ने कहा कि उन्होंने भगवानजी के बक्से से मिले हस्तलेखों की जांच जब विशेषज्ञों से कराई तो पता चला कि अंग्रेजी और बंगला में उनकी लिखी सामग्री नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की लिखावट से मिलती है। नेताजी के करीबी रहे बहुत से लोग गुमनामी बाबा से मिलने जाते थे। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप दुनिया के सामने क्यों नहीं आते तो उनका जवाब होता कि मेरी वापसी राष्ट्रहित में नहीं है।

धर के मुताबिक बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि आजादी के समय शायद भारत सरकार और ब्रिटिश सरकार के बीच ऐसा गुप्त समझौता हुआ जिसमें कहा गया कि यदि नेताजी वापस आए तो युद्धबंदी के रूप में अंग्रेजों को सौंप दिए जायेंगे। यदि यह सही है तो हो सकता है कि नेताजी इसीलिए सामने नहीं आए। वैसे इस समझौते के उनके पास कोई सबूत नहीं हैं। सरकार ने सच सामने लाने के लिए मुखर्जी आयोग की मदद नहीं की। जांच कराने की बजाय उल्टा रिपोर्ट को ही नामंजूर कर दिया।

30 अप्रैल, 1998 को कलकत्ता हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार को नेताजी के बारे में समग्र जांच कराने के लिए एक आयोग गठित करने का निर्देश दिया था ताकि इस विवाद को हमेशा के लिख खत्म किया जा सके। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मुखर्जी का एक सदस्यीय आयोग गठित किया। जांच पूरी होने के बाद आयोग की रिपोर्ट 17 मई 2006 को संसद में पेश की गई जिसमें कहा गया कि नेताजी अब इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन 1945 में विमान हादसे में उनकी मौत नहीं हुई थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जापना के रेंकोजी मंदिर में रखी अस्थियां नेताजी की नहीं हैं। इसमें 1945 में नेताजी के रूप में कथित ठहराव पर कोई टिप्पणी नहीं की गई। कहा कि इस मामले में आगे और जांच की जरूरत है। सरकार ने मुखर्जी आयोग की इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। आजाद हिन्द फौज के सेनानी रामसिंह का भी यही मानना था कि नेताजी विमान हादसे में नहीं मारे गए। वे गुमनामी बाबा के रूप में भारत में बहुत दिनों तक रहे। नेताजी के डलहौजी प्रवास के बारे में 'जब आए थे सुभाष हिम के अंचल में' नाम की पुस्तक लिखने वाले हरेन्द्र श्रीवास्तव का कहना है कि अब रहस्य से शायद ही पर्दा उठ पाए। इसलिए बहस छोड़ नेताजी को अपने दिलों में महसूस किया जाए। नेताजी लोगों के दिलों में आज भी जिन्दा हैं।

2009 के कुछ और महत्वपूर्ण फैसले

समलैंगिकता को अपराध के दायरे से निकालना प्रमुख अदालती फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस साल वयस्कों के बीच परस्पर सहमति से एकांत में बनाए गए समलैंगिक संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर निकाल कर समाज में बढ़ते खुलेपन के प्रति सहमति जताई। उपहार कांड के दोषियों को सजा और मायावती के बढ़ते मूर्ति प्रेम पर अंकुश लगाने के लिए अदालत के लिए गए कुछ सख्त कदम इस साल के प्रमुख अदालती फैसलों में शामिल रहे।

समलैंगिकता के हिमायतियों को एक बड़ी राहत देते हुए दो जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने वयस्कों के बीच परस्पर सहमति से एकांत में बनाए गए समलैंगिक संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया और इसे अपराध करार देने वाले 149 साल पुराने कानून को बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन बताया। इसी तरह की एक अन्य ऐतिहासिक टिप्पणी में सुप्रीम कोर्ट ने नौ दिसम्बर को केन्द्र से कहा कि दंडात्मक कार्रवाई से विश्व के सबसे पुराने पेशे देह व्यापार पर पाबंदी लगाना अगर व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं हो तो क्या वेश्यावृत्ति को वैध बनाया जा सकता है।

जज दलबीर भंडारी और जज ए.के. पटनायक की पीठ ने सालीसीटर जनरल गोपाल सुब्रह्मण्यम से कहा कि महिलाओं की तस्करी को रोकने के लिए यौन व्यापार को वैध बनाना एक बेहतर विकल्प होगा। पीठ ने कहा कि दुनिया में कहीं भी दंडात्मक उपायों से इस पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकी।

रैगिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च को चेतावनी दी कि अब समय आ गया है कि सरकार इस समस्या को रोकने में विफल रहने वाले संस्थानों की वित्तीय सहायता रोके।

30 मार्च को अदालत ने कथित रैगिंग के कारण आत्महत्या करने वाली एक छात्रा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए आंध्रप्रदेश सरकार को फटकार लगाई और हिमाचल प्रदेश मेडिकल कॉलेज के एक पूर्व प्राचार्य को निलम्बित करने का आदेश दिया। इस कालेज में अमन कचरू नामक एक छात्र ने रैगिंग के कारण कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

अदालत ने 2002 में हुए गुजराती दंगों के नौ मामलों की सुनवाई पर लगी रोक हटाते हुए 30 अप्रैल को इनकी फास्ट ट्रैक अदालत में दिन प्रतिदिन आधार पर सुनवाई करने का आदेश दिया। अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) को सुनवाई की संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने का आदेश देते हुए उसे व्यापक अधिकार दिए। उत्तर प्रदेश में कांशीराम स्मारक पर निर्माण कार्य रोकने के आदेश के बावजूद निर्माण जारी रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने मायावती सरकार पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि अदालत के साथ कोई राजनीति न की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि स्मारकों के निर्माण का काम रोकने के उसके आदेश का उल्लंघन उच्च स्तर पर मिले आदेश से हुआ प्रतीत होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिसम्बर को राजधानी के चर्चित उपहार सिनेमा कांड के पीड़ितों और उनके परिजनों को 5.14 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत देने का आदेश दिया। जून 1997 में हुए इस हादसे में 59 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं 103 लोग घायल हो गए थे।

लाटरी पर रोक लगाने की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सात दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि लाटरियां बेचकर सरकार कौन-सा धंध कर रही है। जज दलवीर भंडारी और ए.के. पटनायक की पीठ ने लाटरी पर रोक लगाने के बारे में सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि लॉटरी बेचना सरकार का काम नहीं है। प्रधान न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन ने पिछले साल मुम्बई में हुए आतंकी हमलों के व्यापक कवरेज की आलोचना करते हुए इस साल 21 नवम्बर को कहा कि इससे लोगों का गुस्सा भड़क सकता है और उनमें बदला लेने की तर्कहीन इच्छा पैदा हो सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 दिसम्बर को दाउद इब्राहिम के कथित सहयोगी रोमेश शर्मा को फैशन डिजाइनर कुंजुम बुद्धिराजा हत्याकांड में बरी कर दिया। उसे निचली अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहले साधारण कोटे के तहत दाखिले का विकल्प चुनने वाले आरक्षित कोटे के एक अभ्यर्थी को दूसरे दौर की काउंसिलिंग में शामिल होने का मौका देने से इनकार करने पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। दिल्ली की एक अदालत ने सनसनीखेज धौला कुंआ बलात्कार मामले में दोषी ठहराए गए और एक मात्र गिरफ्तार अभियुक्त को 10 दिसम्बर को 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा के साथ चलती कार में सामूहिक बलात्कार किया गया था।

भूमि हड़पने के आरोपों के चलते विवादों में घिरे कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.डी. दिनकरन को सुप्रीम कोर्ट के चयन मंडल (कोलेजियम) ने सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति देने की अपनी अनुशंसा वापस ले ली। राज्यसभा में जज दिनाकरन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया।

विचाराधीन कैदी मुक्त होंगे

नई दिल्ली। केन्द्रीय विधि मंत्रालय मामूली अपराधों के लिए वर्षों से सजा काट रहे लोगों की निश्चित समय सीमा के अंदर रिहाई सुनिश्चित करके क्षमता से अधिक भरी देश की जेलों की भीड़ कम करेगा। मामूली अपराधों के लिए जेलों में बंद एक लाख 70 हजार से अधिक गरीब और निम्न तबके के विचाराधीन कैदी ऐसे हैं जो तंगहाली के कारण अपनी जमानत नहीं करवा पाते। इसके अलावा देश में करीब 15 सौ जेल हैं जिनकी क्षमता ढाई लाख है, उनमें चार लाख से अधिक कैदी हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री वीरप्पा मोइली ने इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन, न्यायाधीश अल्तमस कबीर और देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा है। मोइली ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस से इस योजना के क्रियान्वयन का मन बनाया है और ऐसे विचाराधीन कैदियों को जो मामूली अपराधों के लिए तय सजा या उससे अधिक सजा भुगत चुके हैं, उन्हें जुलाई के अंत तक रिहा करने का निर्णय किया है। मोइली ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों से अपील की है कि वे जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को ऐसे मामलों को वरीयता के आधार पर निपटाने के निर्देश दें।

बेघरों को बसेरा दे सरकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कड़ाके की ठंड में दम तोड़ते बेघरों की खबरों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि राजधानी में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए वह बेघरों को सिर छिपाने के लिए बसेरा, कम्बल और पेयजल सुविधाएं मुहैया कराए। जस्टिस दलवीर भंडारी और के.एस. राधाकृष्णन की पीठ ने सरकार से यह भी कहा कि अगर राजधानी के 33 रैनबसेरों में पर्याप्त जगह नहीं है तो वह इन लोगों को इस्तेमाल में नहीं आ रही सरकारी इमारतों में भी ठहरा सकती है। अदालत ने पीपुल्स यूनियन ऑफ सिविल लिबर्टीज द्वारा दायर जनहित याचिका पर ये निर्देश दिए। याचिका में शिकायत की गई थी कि दिल्ली सरकार बेघरों और वंचितों के लिए भोजन और रैनबसेरे की मुनासिब व्यवस्था करने में नाकाम रही है।

सर्वोच्च अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हर किसी को संरक्षण मिलना चाहिए ताकि कड़ाके की ठंड से किसी की मौत न हो। इस पर प्राथमिकता के साथ तत्काल अमल होना चाहिए। अदालत ने सरकार को ऐसे बसेरों की उपलब्धता के बारे में इलेक्ट्रोनिक मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार के निर्देश भी दिए। याचिका में मीडिया में आई विभिन्न खबरों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया गया है कि राजधानी में कड़ाके की ठंड में बसेरे और भोजन के अभाव में कई लोगों ने दम तोड़ दिया। दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सालीसिटर जनरल मोहन प्रकाश ने अदालत को आश्वासन दिया कि बेघरों को सर्दी से बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। राजधानी की विभिन्न जगहों पर बेघरों के लिए रैनबसेरों के अलावा मोबाइल टायलेट की सुविधाएं भी मुहैया कराई गई हैं। बेघर-बेसहारा लोगों के बीच कम्बल वितरित किए गए हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि इस संबंध में कदम उठाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विशेष बैठक भी बुलाई गई थी। अदालत में इस मामले की अगले हफ्ते फिर सुनवाई होगी।

यौन पर्यटन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देश में चल रहे सेक्स टूरिज्म (यौन पर्यटन) और बाल तस्करी को रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा एक सप्ताह में तैयार करने के निर्देश केन्द्र सरकार को दिए। बाल तस्करी पर प्रभावी रोक को लेकर गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आन्दोलन की याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश दलवीर भण्डारी और न्यायाधीश ए.के. पटनायक की खंडपीठ ने केन्द्र सरकार को निर्देश दिया कि वह इन समस्याओं पर लगाम लगाने के लिए एक प्रणाली विकसित करे और इसके क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करके न्यायालय को उससे अवगत कराए।

खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि देश में यौन पर्यटन का बाजार बढ़ता जा रहा है और इसके निराकरण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। ऐसे उपाय किए जाने की जरूरत है जो न्यायिक रूप से भी प्रभावी हों। न्यायालय ने कहा कि जब इन समस्याओं पर रोक के लिए प्रभावी उपाय की बात की जाती है तो उसमें मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा-दीक्षा और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी शामिल होती हैं। सरकार को इस बात पर ध्यान रखना होगा कि बाल तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चे फिर से इस पेशे में न पड़ जाएं।

शादी से नहीं बदलती महिला की जाति

एक महत्वपूर्ण फैसले में बांबे हाईकोर्ट ने कहा है कि अनुसूचित जाति या जनजाति में पैदा हुई महिला की शादी अगड़ी जाति के व्यक्ति से हो जाए तो इससे उसकी जाति नहीं बदल जाती। हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ ने कहा कि अनुसूचित जाति या जनजाति में जन्म लेने के कारण महिला या पुरुष को अनायास ही जो नुकसान उठाना पड़ता है या अपमान झेलना पड़ता है उस पीड़ा से महज अगड़ी जाति में शादी कर लेने से नहीं बचा जा सकता। हाई कोर्ट ने यह नियमन स्थानीय निवासी राजेन्द्र श्रीवास्तव की याचिका जमानत की गुहार लगाई थी। उनकी पत्नी ने श्रीवास्तव और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जाति के आधार पर भेदभाव और अत्याचार करने का आरोप लगाया है। अगड़ी जाति के श्रीवास्तव ने दलील दी थी कि चूंकि महिला ने उनसे शादी की है, इसलिए वह अत्याचार निरोधक कानून (पीपीए) के तहत संरक्षण की मांग नहीं कर सकती। उनका कहना था कि शादी के बाद महिला की मूल जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है और वह जिस जाति के पुरुष से शादी करती है, उसकी जाति का दर्जा प्राप्त कर लेती है। न्यायाधीश बी.एच. मार्लापल्ले, अभय ओका और आर.वाई. गंगू ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता की दलील मान ली जाए तो पीपीए कानून का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

अफसरों की ....

(पृष्ठ दो का शेष)

जब जनता सामूहिक रूप से निर्णय लेगी तो अधिकारियों के काम आइने की तरह दिखेंगे। स्वराज व सूचना का अधिकार के संबंध में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार स्वराज का ही एक हिस्सा है। स्वराज में सारी बातें सम्मिलित हैं। स्वराज का मतलब सरकारी पैसे, सरकारी अफसरों, संबंधित क्षेत्र के संसाधनों पर सीधे-सीधे जनता का अधिकार होना है। जबकि सूचना का अधिकार किसी विषय के बारे में सूचना मांगने से है।

केजरीवाल ने कहा कि 'स्वराज अभियान' की शुरूआत हरियाणा से की गई है। इसमें स्वामी अग्निवेश भी अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं से अपेक्षा है कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को स्वराज्य की फिल्म दिखाएं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ प्रकरण

राजस्थान जन सतर्कता समिति के प्रयासों को मिली सफलता

घोटालों की जांच के लिये उच्च स्तरीय कमेटी नियुक्त

jktLFkku [kknh xzkeks|kx laLFkk la?k ctkt uxj dks iVy ij fiNys vrjky esa ixV g;s vifjfer & iekf.kr vukpj.kka dh tkap ds fy;s MkbjsDV'sV vkQ [kknh dkjMhjs'ku us jkT; ds [kknh MkbjsDVj ,oa xzkeks|kx dks lfpr fd;k gS fd mUgksus mDr f'kdk;r dh tkap ds fy;s rhu lnL;ksa dh desVh fu;qDr dh gSA ge okLrfod fLFkfr ;gka ikBdksa ds fy, izLrqr dj jgs gS&

1- laLFkk dk laxBukRed vkj o/kkfud Lo:i

xk/kh n'ku iz.khr [kknh fopkj ls tqMh izns'k dh yxHkx 2 lks laLFkkvksa dk e/;orhZ laxBu ¼QMj'ku½ gSA laLFkkvksa ds izfrfu/kh lnL; gh blds lapkyd gSA fo/kku ds vuqlkj izthd`r laLFkk gksrs gq;s Hkh blds 0;oLFkk dUnh;dj.k ds :i esa izLFkkfir ugha gS ijUrq izns'k ds dqN iHkkoh [kknh urk vny cny dj ,d vkj [kknh deh'ku ds vf/kd`r iknf'kd vf/kdkjh curs jgs gSA vkj nlljh vkj laLFkk dh izc/k lfefr ds ek/;e ls inkf/kdkjh Hkh ogh ykx curs jgs gSA fo/kku ds vuqlkj ;s inkf/kdkjh rhu lky o"kZ gksus okys pqukoksa esa nks Ve ls T;knk ugha pqus tkus iko/kku gS ijUrq blds Hkh bu ykxksa us ikyu ugha fd;k gSA o"kZ 1999 ls 2008 rd lHkh inksa ij rhu VEl rd vf/kdkjh cus jgs gSA jpukRed izthd`r laLFkk gksus ds ukrs izc/k lfefr vkj mlds inksa esa [kus ds fj'rs ds ykx ugha gksus pkfg;s fdUrq mudk Hkh bUgksus dksbZ ikyu ugha fd;k gSA

2- lrdZrk lfefr fdUgha vukpj.kksa ds tkap djkus ds fy;s rRij u gksdj ek= laLFkk] [kknh deh'ku vkj e=h Lrj ij laLFkk ds vukpj.kksa dh tkap djk;s tkus tks fjikVsZ tkjh gbZ gS mudsa gh fuLrkj.k ds gh enns mBk;s g;s gSA ;Fkk

1- ejhuksa mu [kjhn forj.k dk.M

2- :bZ iw.kh [kjhn fcdh dk.M

3- dkexkj ikfoMUM Q.M dk.M

4- [kknh iz'kk/ku ds lkFk vU;kU; dk.M

3- iekf.kr dk.Mksa ds vykok cgqr ls dk.M fu.kZ; gks tkus ds ckn Hkh mu ij ifyl dk;okgh ugha gksukA rhu ,Q vkbZvkj ntZ djkus ds iLrko g;s gSA buesa ls doy igyh ,QvkbZvkj ntZ gbZ ftlds rgr Qktnkjh dsl esa ,d lekU; dk;drkZ dk lk<s pkj o"kZ dh tsy Hkh gbZ ijUrq v,vkbZvkj esa e=h dh vkj ls foHkkx ds eq[; lpkyd dk uke ,QvkbZvkj esa ntZ djk;k Fkk tks fdlh Hkh frdMe ls ,QvkbZvkj ls fudyok fn;k x;kA vkj vkifRr tru vk'p;Z ds fcUnq ;s gS fd bu iHkkoh ykxksa us laLFkk ds udlku dh olyh gqrq dkbZ nhokuh dk;okgh ugha dh gSA ejhuks ds mu lcls cMs 0;kikfjd o"kZ 1995&96 dk iqjk fjdkMZ Hkh vukpkfj;ks ds }kjk xqe djk fn;k x;k gSA ftldh ikflr ds dkbZ iz;kl ugha g;sA [kknh deh'ku ds iek.k i= lfefr ds fu;eku|kj iek.k i= lfefr dk fu;fer vkfMV gksuk iek.ki= uohuhdj.k ds fy;s vko';d gS fdUrq fiNys bl vrjky esa lkr o"kZ dk vkfMV ugha gksus ds ckn Hkh iek.ki= uohuhdj.k gksrk jgk gSA [kknh deh'ku ds iseq[k vkfMVjksa ds }kjk xHkhj fjikVsZ bl idj.k ij tkjh gbZ gS mudk fuLrkj.k Hkh vkt rd ugha gvk tcfd nlljh vkj vU; NksVh laLFkkvksa dh fiNyh vkfMV fjikVksZ dk iek.k i= ds uohuhdj.k ds fy;s fuLrkj.k gksuk vko';d ekuk x;k gSA bu ,rjktksa ds jgrs g;s Hkh [kknh deh'ku ds }kjk iu% iu% ejhuksa mu dk dke fn;k tkuk tkjh gSA bruk gh ugha mPp Lrj ij ;g vkt Hkh 0;Dr fd;k tkrk jgk gS fd ejhuksa mu ds 0;ogkj esa vkt Hkh /kM+ys ls fiNys vukpj.kksa dh iqujko`fr gksuk tkjh gSA

4- laLFkk ds LFkkiuk ds iFke rhl o"kksZ esa lnL; laLFkkvksa ds fgr esa bl QMj'ku ds }kjk 0;kid dke fd;s ftlds }kjk laLFkk la?k [kknh txr esa viuk fo'k"k LFkku cuk pqdk FkkA mlds ckn ds chl o"kksZ bu vukpj.kksa ds dkj.k gh laLFkk la?k ,d lkekU; laLFkk ds :i esa cnyrk tk jgk gSA laLFkkvksa dk fgr fpUru xkS.k gks x;k gSA izns'k ds t;iqj lfgr tks/kiqj] chdkusj] o mn;iqj] lEHkkxksa esa lkjk dke cUn dj fn;k x;k gS etnqj dkexkj cjkstxkj dj fn;s x;s gSA lEHkkxksa esa laLFkk dh djksMksa :i;ksa ds tehu tk;nkn dh lEifr;ksa fdjk;s ij ns nh xbZ gS tgka fdjk;snkjksa us vkilh feyh Hkxr ls yk[kksa yk[kksa dk fuekZ.k djkfy;s tkus ls lkjh lEifr;ka [krjs esa vkxbZ gSA ek= mudsa ux.; fdjk;s ls laLFkk ds dqN vo'k"k dk;ZdrkZvksa dk oru etnqjh fey jgh gSA ;fn ;g vk; :d tk; rks 'k"k vo'k"k dk;ZdrkZ Hkh lM+d ij vk tk;xsA

5- ;g iwxV djus esa Hkh dksbZ la'k; ugha gS fd bl xk/kh n'ku iz.khr laLFkku esa tks vukpkj g;s gS mudk [kknh deh'ku ds vud vf/kdkfj;ksa us vusd Lrjksa ij laj{k.k fn;k gSA vkj vkt Hkh ;g dke tkjh gSA dqN iseq[k ykx [kknh deh'ku ds vf/kd`r vf/kdkjh jgrs g;s Hkh bl laLFkk ds lapkyu dh jktuhfr esa viuh iHkkoh Hkwfedk fuHkk jgs gSA U;k; uhfr ds vuqlkj rks ;g nksgjh Hkwfedk mudh ugha gksuh pkfg;sA

6- lfefr dh igy ij eq[;e=h jktLFkku ds funZ'k ij jktLFkku ds [kknh xzkeks|kx foHkkx }kjk ,d o"kZ iwoZ bl laLFkk ij rRdky iHkko ls iz'kkld cBk dj xcu ?kkVkyksa dh fdlh Lora= ,tsUlh ds }kjk tkap djk;s tkus ds vkns'k funs'kd [kknh deh'ku t;iqj rFkk lfpo [kknh xzkeks|kx ckMZ t;iqj dks tkjh g;s FksA ftuds Lej.k i=ksa dh J`[kyk vkt Hkh tkjh gSA fdUrq funs'kkuq|kj mudk fdz;kUo;u vkt Hkh fdUrq ijUrq esa my> dj jg x;k gSA funs'kd [kknh deh'ku dgrs gS fd ,slk djuk mudsa vf/kdkj {k= esa ugha gSA jktLFkku [kknh ckMZ ds lfpo dk dguk gS fd laLFkk la?k mudsa fu;=.kk/khu ugha gSA vk'p;Z rks ;g gS fd tks xcu ?kkVkys g;s gS vkj tks vo/krk,s gbZ gS mUgsa fdlh Hkh Lrj udkjk gh ugha x;k cfYd [kknh deh'ku ds gh mPp vf/kdkfj;ksa ds }kjk mBk;s vkjksiksa dks lgh crk;k x;k gSA [kknh deh'ku cEcbZ ds ;gka ls Hkh vusd foHkkxh; Lrj ij vusdkusd ,D'ku Hkjs vkns'k tkjh g;s gS ijUrq ;s lHkh ,d nljh dh ftEenkjh ij Vkys tkrs jgs gSA

7- lrdZrk lfefr ds LFkkbZ lnL; ykd lsod@[kknh lsod Jh jken;ky [k.MsyokYk us bu vukpj.kksa ds 'kf) dj.k gsrq o"kkZsa ls vkokt mBkbZ tkrh jgh gSA lrdZrk lfefr us mu ij xbjkbZ ls tkap djkbZ tk dj vukpj.kksa dk lgh ik;k gSA ftuds fuLrkj.k gsrq gh lfefr vknksyujr gSA vukpj.kksa dh iekf.kr tkudkfj;ksa ds iek.kd [kknh deh'ku ds t;iqj lfgr cEcbZ ds vusd foHkkxksa esa iu% iu% Hkstus x;s gS blfy;s foLrkj ls fy[kus dh ;gka vko';drk ugha gS ;fn iLrkfor tkap lfefr pkgxh rks gj iekf.kr vukpj.k ds ennks ds iek.kd ekxus ij miyC/k djk;s tk ldrs gSA

पाठक की पीड़ा

मजिस्ट्रेट कोर्टों द्वारा निरर्थक वाद 10-15 वर्षों तक जारी रखने के कारण राजकोष को क्षति तथा वादों की संख्या बढ़ती है एवं न्यायपालिका की छवि धूमिल होती है:-

भारतीय शीर्ष न्यायालय का कोलेजियम गलती करता है हाई कोर्टस न्यायनिति के विपरीत निर्णय करते हैं तो निचली अदालतें व्यवर्थवाद 10-15 वर्ष तक लम्बित रखे तो इसमें कौनसी बड़ी बात है। कहने का मतलब भारतीय न्यायपालिका में गलती त्रुटी के नाम पर बड़े-बड़े जुलम हो रहे हैं। बड़ी अदालत गलती करे तो त्रुटि है और छोटी अदालत बड़ी गलती करे तो वह भी गलती है। कहने का मतलब है कि व्यर्थ वादों को जारी रखना न्यायपालिका का काम हो गया है। न्यायपालिका में त्रुटि को स्वीकारा गया है। भूल है गलती के लिए भी प्रत्येक जज जिम्मेदार है व नैतिक कार्यवाही का भागी बन जाता है। आज भी मजिस्ट्रेट कोर्टों में अनेक व्यर्थ वाद 10-15 वर्षों से लम्बित हैं और न्यायपालिका में स्टाफ की कमी बताकर अपने कर्त्तव्य से बच रहा है। जबकि आज समय है व्यर्थ वादों को त्वरित गति से निपटाने का ताकि व्यर्थ वादों की संख्या न बढ़े। राज कोष को क्षति न हो तथा विश्व में भारतीय न्यायपालिका की तौहीन न हो। न्यायपालिका में अकुशल नेतृत्व के कारण प्रलोभन, निर्णय में देरी, पत्रकारों को प्रताड़ना आदि बरकरार है। न्याय ही ईश्वर की भावना न्यायाधीशों में नहीं है।

सत्यमेव जयते।।

परामर्श मण्डल न्यायिक ज्वाला

1.	श्री जे.पी. बंसल	सेवा निवृत्त न्यायाधीश
2.	श्री दामोदर मिश्रा	सेवा निवृत्त न्यायाधीश
3.	श्री वी.के. अग्रवाल	सेवा निवृत्त न्यायाधीश
4.	श्री आर.पी. नाग	सेवा निवृत्त महानिरीक्षक राजस्थान पुलिस
5.	डा. मोहिनी शर्मा	एसोसिएट प्रोफेसर, महारानी कॉलेज
6.	श्री के.सी. सेठी	एडवोकेट सुप्रीमकोर्ट
7.	श्री दिनेश अत्री	एडवोकेट
8.	श्री वी.एन. सक्सेना	एडवोकेट

पाक्षिक न्यायिक ज्वाला

आजीवन	: रू. 1500/-
वार्षिक शुल्क	: रू. 100/-
मासिक	: रू. 10/-
एक प्रति	: रू. 5/-

न्यायिक ज्वाला
एसबी-3, ओटीएस के सामने, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
फोन : 2701029, 2710110

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीगोपाल शर्मा के लिये अम्बर ऑफसेट प्रा.लि.कार्यालय मुकुन्दगढ़ हाऊस, संसार चन्द्र रोड, जयपुर से मुद्रित एवं एस.बी.-3, ओटीएस के सामने, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। फोन : 2710110 प्रधान संपादक श्रीगोपाल शर्मा, संपादक सुधीर शर्मा, सह सम्पादक गोविन्द मिश्र, सुरेश अग्रवाल। ई-मेल आई डी : sgs.nyayikjwala@yahoo.com पत्र से संबंधित तमाम विवादों का निपटारा जयपुर न्यायिक क्षेत्र में ही होगा।